53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 27.6°c अधिकतम 37.4 °c

**अमृतवाणी**
तजुर्बे उम्र से नहीं बल्कि हालातों से होते हैं...

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

खड़गे या राहुल गांधी जैसे नेताओं पर क्या कहें वे निराधार बयान देते हैं : गिरिराज सिंह



सूर्योदय - 5:23, सूर्यास्त - 7:08 | वर्ष : 53/ अंक : 139 | बुधवार, 21 मई 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, नवमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

बात में दम हो या न हो इनकी.. रोज फिर भी बयान देते हैं........

# देर में समझ आए, जनता के जज्बात, अब बदलेंगे शहर के हालात

## बिना रूट के नहीं चल सकेंगी ई-रिक्शाएं तो दूसरी ओर रंगों से निर्धारित होगा रूट ▶ 22 मई से अतिक्रमण हो जाएगा साफ

**मुजफ्फरनगर, 20 मई (बु.)।** शहर के नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को जनता के जज्बात वर्षों बाद अब समझ आने लगे हैं। आज प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हुई बड़ी बैठक में अहम निर्णय लिये गए। हालांकि इन सब बातों की सलाह शहर के व्यापारी, नगर के गणमान्य लोग बहुत पहले से देते चले आ रहे हैं, मगर नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को अब जोश आया है। ऐसे में शहर के हालातों में भी अब जोश आता दिखाई देगा। जिला पंचायत सभागार में आज नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने व्यापारियों के साथ अतिक्रमण हटाए जाने के सम्बंध में वार्ता की तथा सुझाव भी लिये। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट ने व्यापारियों से कहा कि बरसात तथा कांवड़ यात्रा शुरू होने से पूर्व शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाना बेहद जरूरी है, जिसको लेकर नगर में 22 तारीख से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में व्यापारी बंधु सहयोग करें, जिससे शहर के मुख्य चौराहों पर जाम की स्थिति न बन सके। उन्होंने सभी दुकानदारों से अपनी दुकान के आगे रखे सामान को दुकान के अंदर रखने का निवेदन करते हुए ऐसा नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त अभियान के समय सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने नगर में जाम की मुख्य वजह बनने वाली ई-रिक्शाओं पर भी चर्चा करते हुए कहा कि शहर में हो रहे ट्रैफिक जाम की समस्या के निदान के लिए कुछ सुझाव व्यापारियों द्वारा दिये गए हैं, जिनको लेकर प्रशासन ने परिवहन विभाग व ट्रैफिक विभाग द्वारा पहले से ही सुनिश्चित कार्यवाही को और तेजी से शुरू करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

### कमेटी के अन्य सदस्यों का होगा जल्द गठन

**मुजफ्फरनगर, 20 मई (बु.)।** रूट व्यवस्था निर्धारण हेतु कमेटी में फिलहाल जिम्मेदारी देते हुए सदस्य के रूप में क्षेत्राधिकारी यातायात, मुजफ्फरनगर, पुलिस अधीक्षक यातायात, मुजफ्फरनगर नगर मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन, मुजफ्फरनगर, क्षेत्राधिकारी नगर, मुजफ्फरनगर को उक्त गठित कमेटी निम्न कार्ययोजना के अनुसार समयबद्ध (15 दिन में) कार्यवाही करते हुए जनपद में शहर के नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत मार्गों पर ई-रिक्शा प्रबन्धन के लिये रूट निर्धारण कर निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ रूट वितरित किये जाने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेगी।

**इन नियमों का पालन करना होगा ई-रिक्शा चालकों को -**

- ☐ सभी ई-रिक्शा चालकों की जीआईसी मैदान में गोष्ठी कर कागजात पूर्ण करने हेतु चालकों को 10 दिवस का समय दिया जाये तथा विज्ञापन/मीडिया के माध्यम से भी अवगत कराया जाये।
- ☐ जिन ई-रिक्शाओं के कागजात पूर्ण हो, मय कागजात (आरसी/फिटनेस टैक्स/चालक लाइसेंस इंश्योरेंस) वह लाटरी सिस्टम (लक्की ड्रा सिस्टम) से रूट निर्धारण प्रक्रिया से सहमति देते हुए टीएसआई कार्यालय पर आवेदन करेंगे।
- ☐ उसके उपरान्त एक तिथि निर्धारित कर कमेटी के समक्ष लाटरी सिस्टम अपनाते हुए निष्पक्षता/पारदर्शिता के साथ ई-रिक्शा रजि. पर्ची के माध्यम से रूट वितरण किया जाये।
- ☐ व्यापारी वर्ग को सामान इत्यादि ढोने के लिये बनी ई-रिक्शाओं (न कि सवारी ई-रिक्शा) का प्रयोग किये जाने हेतु रूट निर्धारण प्रक्रिया से मुक्त रखा जाये।
- ☐ यदि कोई स्कूल के बच्चों को लाने व ले जाने के लिये ई-रिक्शाओं का प्रयोग करता है, तो उसके द्वारा ई-रिक्शा का सवारी के लिये प्रयोग न किया जाये। केवल स्कूली बच्चों को लाने व ले जाने में ही प्रयोग किया जाये। इसके साथ-साथ ई-रिक्शा की छत पीली हो तथा सुरक्षा के दृष्टिगत दाहिनी ओर सड़क की ओर जाली/रेलिंग का प्रयोग किया जाये।
- ☐ ई-रिक्शाओं पर कि.मी. के हिसाब से किराये का निर्धारण एआरटीओ कार्यालय द्वारा अवश्य किया जाये और सार्वजनिक प्रचार किया जाये, ताकि मनमाने ढंग से कोई-रिक्शा चालक किराया न वसूल सके।
- ☐ रूट प्राप्त करने वाली सभी ई-रिक्शाओं की छत का रंग अलग-अलग प्रदान किया जाये और रूट संख्या, रूट निर्धारित रंग से पेंट से अंकित करायी जाये।
- ☐ यह प्लान प्रातः 7.00 से रात्रि 11.00 तक प्रभावी रहे।





### ई रिक्शाओं के लिए 13 मार्ग बनाए गए लिंक रोड, कहां से शुरू कहां होगा खत्म

**मुजफ्फरनगर, 20 मई (बु.)।** नगर के कई इलाकों को जोड़कर 13 मार्ग बनाए गए हैं, जिनको ई-रिक्शाओं के लिए लिंक रोड का नाम दिया गया है, जिनसे अलग-अलग रंग की ई-रिक्शाओं का संचालन हो सकेगा। इतना ही नहीं इन सभी रूटों पर ई रिक्शाओं की संख्या भी निर्धारित भी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा ये भी तय किया गया है कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर सख्ती से इन नियमों को मानना भी पड़ेगा अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

1- **शहर क्षेत्र के अन्दर रिंग रूट (रिक्शा संख्या 300)**- रोडवेज बस अड्डा-प्रकाश चौक-महावीर चौक-मीनाक्षी चौक-फक्करशाह चौक-शामली अड्डा पुलिस चौकी-हनुमान चौक आबकारी पुलिस चौकी-बकरा मार्केट-नावल्टी चौक-अस्पताल चौक-घास मण्डी तिराहा अन्सारी रोड-मालवीय चौक-मदन स्वीट्स-रेलवे स्टेशन वापस रोडवेज बस अड्डा (आना-जाना)

2- **लिंक रूट-1 (रिक्शा संख्या-100)**- मदन स्वीट्स से पचैंडा गांव की ओर नगरपालिक क्षेत्र तक।

3- **लिंक रूट-2 (रिक्शा संख्या-150)**- मदन स्वीटस-भोपा अड्डा-भोपा पुल-मखियाली नगरपालिका क्षेत्र तक।

4- **लिंक रूट-3 (रिक्शा संख्या-150)**- महावीर चौक से जानसठ बस अड्डा से जानसठ पुल नगरपालिका क्षेत्र तक।

5- **लिंक रूट-4 (रिक्शा संख्या-150)**- महावीर चौक से सुजडू चुंगी से वहलना चौक नगरपालिका क्षेत्र तक।

6- **लिंक रूट-5 (रिक्शा संख्या-150)**- मीनाक्षी चौक से सूजडू चुंगी से वहलना चौक नगरपालिका क्षेत्र तक।

7- **लिंक रूट -6 ( रिक्शा संख्या - 100)**। शामली पुलिस चौकी से कृष्णापुरी व खालापार क्षेत्र ईदगाह रोड अन्दर नगरपालिका क्षेत्र तक।

8- **लिंक रूट -7 ( रिक्शा संख्या - 150)** । शामली बस अड्डे से चरथावल तिराहा, बुढ़ाना मोड से बाईपास पेट्रोल पम्प/शनि देव मंदिर/गुरूनानक ढाबा नगर पालिका क्षेत्र तक (हाइवे को छोड़कर)

9- **लिंक रूट -8 ( रिक्शा संख्या - 150)** । अस्पताल चौक से रामपुर तिराहा रूड़की रोड नगरपालिका क्षेत्र तक (हाईवे को छोड़कर)।

10- **लिंक रूट -9 ( रिक्शा संख्या - 100)** । अस्पताल चौक से कच्ची सड़क से बागोवाली कट नगरपालिका क्षेत्र तक ( हाईवे को छोड़कर)।


11- **लिंक रूट -10 ( रिक्शा संख्या - 50)** - प्रकाश चौक, झांसी की रानी, सदर बाजार, बालाजी चौक, मालवीय चौक नगरपालिका क्षेत्र तक (हाईवे को छोड़कर)।

12- **लिंक रूट -11 ( रिक्शा संख्या - 150)**- रुड़की चुंगी, मदीना चौक, गांधी कॉलोनी, भोपा अड्डा नगरपालिका क्षेत्र तक (हाईवे को छोड़कर )।

13- **लिंक रूट -12 ( रिक्शा संख्या - 150)**- विश्वकर्मा चौक टिकैत चौक- ए टू जेड कॉलोनी संधावली कट, परिक्रमा, मार्ग रेशूविहार फाटक नगरपालिका क्षेत्र तक (हाईवे को छोड़कर)।

### ई-रिक्शाओं से परेशान व्यापारियों ने दिए अपने अपने सुझाव

**मुजफ्फरनगर, 20 मई (बु.)।** नगर में ई-रिक्शाओं के सफल संचालन हेतु व्यापारियों ने अपने-अपने सुझाव दिए और बताया कि शहर में ई-रिक्शा काफी मात्रा में हैं, जिस कारण नगर में जाम की समस्या बनी रहती है। यदि ई-रिक्शाओं के लिए रूट निर्धारित किये जाएं तो नगर को जाम से राहत मिलेगी। पुलिस प्रशासन द्वारा स्कूटर व मोटरसाइकिल की चैकिंग की जाती है, उसी तरह ई-रिक्शाओं को भी चेक किया जाए, जो रूट निर्धारित हो, उसी रूट पर चलें तथा उनके कलर भी निर्धारित किये जाएं। बहुत सी सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं, उनको गड्ढा मुक्त किया जाए। स्कूलों के छुट्टी होने के समय में 10-15 मिनट का अंतर रखा जाए, जिससे स्कूली बसें भी उसी तरह आगे-पीछे छोड़ीं जाएं, जिससे शहर को जाम से निजात मिलेगा। शहर में जहां-जहां पर सरकारी जमीन खाली पड़ी है, उसे चिन्हित कर पार्किंग की व्यवस्था कराई जाए।



### अब होगा ई-रिक्शाओं का रूट निर्धारित, ऐसे ही कहीं भी नहीं घुस सकेंगी ई-रिक्शा, रंगों से होगी पहचान

**मुजफ्फरनगर, 20 मई (बु.)।** नगर में मकड़जाल की तरह फैला ई-रिक्शाओं का आतंक खत्म करने के लिए प्रशासन ने ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है, जिसमें सबसे अहम और जरूरी यह होगा कि अब ई रिक्शाओं का संचालन निर्धारित लिंक रोड पर ही किया जा सकेगा और अगर गलती से भी इन ई रिक्शाओं के द्वारा रूट से भटकने या नियमों को तोड़ने का प्रयास किया गया, तो नियमानुसार कार्रवाई के लिए यातायात पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए हैं, क्योंकि झुंड में चलने वाली अवैध इन ई-रिक्शाओं का संचालन पूरी तरह से बैन होगा, जिसमें आम नागरिकों का विशेष ध्यान रखा गया है। जाम से निजात और बाजार में सुकून से आने-जाने का सुखद अहसास हो इसका भी पूरा ख्याल प्रशासन द्वारा रखा गया है।


**GOLDEN PUBLIC SCHOOL**
Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi
Pachenda Road, Muzaffarnagar
*Heartiest Congratulations*
To the students, dedicated staff and committed parents for the commendable achievement in CBSE Board Exam 2025

**CLASS X TOPPERS**




**SUBJECT WISE TOPPERS**

| SUBJECT | MARKS | NAME OF STUDENTS |
|---|---|---|
| HINDI | 99 | NARGIS |
| SCIENCE | 99 | AARADHYA DIXIT |
| SOCIAL SCIENCE | 97 | AAHANA CHOUDHARY |
| INFORMATION TECHNOLOGY | 97 | NARGIS |
| MATHEMATICS | 96 | AARUSH GUPTA |
| ENGLISH | 96 | TANU SINGH PANWAR |

**CLASS XII TOPPERS**




**SUBJECT WISE TOPPERS**

| SUBJECT | MARKS | NAME OF STUDENTS |
|---|---|---|
| PAINTING | 100 | PALAK SAGAR, PRIYAM, SPARSH CHAUDHARY, NIHARIKA, RAJAT PAL, MANI GAUTAM |
| HOME SCIENCE | 100 | MOHD AHMAD |
| ENGLISH | 99 | PALAK SAGAR |
| ECONOMICS | 97 | MOHD AHMAD |
| MUSIC | 97 | AREEN |
| PHYSICAL EDUCATION | 96 | ARSHIA NAAZ |
| HINDI | 95 | MOHD AHMAD |
| CHEMISTRY | 95 | CHIRAG PANWAR |
| BUSINESS STUDIES | 94 | MOHD AHMAD |
| ACCOUNTANCY | 92 | MOHD AHMAD |
| PHYSICS | 89 | MANSI |
| BIOLOGY | 88 | PALAK SAGAR, MANI GAUTAM |
| COMPUTER SCIENCE | 88 | CHIRAG PANWAR |
| MATHEMATICS | 81 | PRIYAM |

**Admissions Open (2025-26)** for class XI in all streams (Science, Commerce & Humanities)

Mr. Indrasen Bindal, President | Mr. Anmol Lekhraj Dhingra, Vice-President | Mr. Sushil Kumar, Secretary | Ms. Ritika Bindal, Joint Secretary | Ms. Ritu Sharma, Treasurer | Ms. Poonam Verma, Principal

Email: golden.publicmzn@gmail.com
Website: www.gpsmzn.in
goldenpublicschoolmuzaffarnagar
ENQUIRE NOW 9997-589-620, 0131-2413427





